>

Title: Need to provide funds for construction of railway lines in Khargone parliamentary constituency in Madhya Pradesh.

श्री मकनसिंह सोलंकी (खरगौन): मैं रेल मंत्री का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र खरगोन-बड़वानी की रेल समस्याओं की ओर दिलाना चाहता हूं। खरगोन-बड़वानी की जनता द्वारा निरन्तर खण्डवा-धार वाया खरगोन-बड़वानी एवं इंदौर-मनमाड़ रेलवे लाइनों की मांग की जाती रही है। जनजाति क्षेत्र होने से यह विकासात्मक गतिविधियों के लिए प्राथमिकता का क्षेत्र है। रेल लाइन नहीं होने के कारण यहाँ के व्यवसाय, उद्योग धंधों एवं कृषि उत्पादन हेतु आधुनिक सुविधाओं का लाभ संबंधित वर्ग को नहीं मिल पा रहा है। इस क्षेत्र में अत्यधिक कपास, गन्ना, मिर्ची, सौंफ, सोयाबीन आदि कृषि उपज का उत्पादन होता है। रेलवे लाइन के अभाव में इस क्षेत्र का संपर्क बड़ौदा (गुजरात) मुम्बई (महाराष्ट्र) से नहीं हो पाता है, जिसके कारण इस क्षेत्र की विकासात्मक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। जनजाति क्षेत्र का विकास शासन की प्राथमिकता है तथा जनजाति क्षेत्र की विकासात्मक गतिविधियों के लिए पर्याप्त बजट का आवंटन भी किया जाता है। किंतु इतने वर्षों की निरंतर मांग के पश्चात् भी रेलवे की विस्तार की दृष्टि से इस जनजाति क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है।

मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि इस अंतरिम रेल बजट में खण्डवा-धार, वाया खरगोन-बड़वानी एवं इंदौर-मनमाड (महाराष्ट्र) रेलवे लाइनों के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किया जाये जिससे रेल लाइन का निर्माण होकर इस क्षेत्र के विकास की गति तीव्र होकर क्षेत्र के जनजातीय किसानों, मजदूरों व व्यवसायियों की आर्थिक उन्नति हो सके।